# उच्च स्थान हासिल करेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

## केंद्रीय बजट 2026-27 का लाइव श्रवण : भाजपा नेताओं ने इसे विकसित भारत का बजट बताया





### देवड़ा ने बजट को जनता के लिए बताया महत्वपूर्ण

**भोपाल/ इंदौर/ बैतूल, 01 फरवरी. केंद्रीय बजट 2026-27 का लाइव श्रवण करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इसे विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला और जनता के लिए महत्वपूर्ण बजट बताया.**

प्रदेश में भाजपा के मंडल स्तर तक स्क्रीन लगाकर बजट का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आमजन ने भाग लिया.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के डेली कॉलेज में केंद्रीय बजट सुनने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना पर आधारित है और आर्थिक प्रगति के साथ हर वर्ग की उम्मीदों को पूरा करेगा. उन्होंने कहा कि वस्त्र उद्योग में रिफॉर्म से मध्यप्रदेश के कपड़ा उद्योग को लाभ मिलेगा और राज्यों के लिए 1.40 लाख करोड़ रुपये के अनुदान से प्रदेश सहित अन्य राज्यों के विकास को बल मिलेगा.

श्री खण्डेलवाल ने बजट को जनता के विश्वास पर आधारित विकास का बजट बताते हुए कहा कि यह चार वर्गों—गरीब, किसान, युवा और महिला—की आकांक्षाओं को पंख देगा और विकसित भारत, आत्मनिर्भरता व राष्ट्रनिर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि करदाताओं को राहत, मध्यम वर्ग को सम्मान और सभी वर्गों को कई सौगातें मिली हैं. उन्होंने बजट को 'डर से मुक्त टैक्स व्यवस्था' की दिशा में बड़ा कदम बताया और एमएसएमई ग्रोथ फंड, ईएमएस के तहत क्क्ष प्रोत्साहन, विनिर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, पर्यटन, ढ्ढ, खेल और तीर्थ विकास जैसे क्षेत्रों में व्यापक प्रावधानों का स्वागत किया. भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने बताया कि 1 फरवरी से 15 फरवरी तक 'बजट प्रचार अभियान-2026' चलाया जाएगा, जिसमें प्रदेश, संभागीय और जिलास्तरीय कार्यक्रम, संवाद एवं पैनल चर्चा आयोजित की जाएंगी.

> मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि बजट में 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के विकास, छोटे शहरों में तीर्थस्थल विकास, प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास, जिला अस्पतालों के अपग्रेडेशन, इनकम टैक्स में प्रक्रिया सरलता, राजकोषीय घाटे का 4.3% लक्ष्य और बायोफार्मा हब तथा क्लिनिकल ट्रायल स्थलों के विकास जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं. इस बजट से मध्यप्रदेश में रोजगार, निवेश और विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है.

> उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला है और 'सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास' की भावना को प्रतिबिंबित करता है. जगदीश देवड़ा ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और जलमार्ग जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रावधान देश की आर्थिक गति को तेज करेंगे और आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाएंगे.



# कांग्रेस का केंद्रीय बजट 2026-27 के विरोध में प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 01 फरवरी. केंद्रीय बजट 2026-27 के विरोध में रविवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अमित शर्मा ने किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में झुनझुना लेकर बजट को प्रतीकात्मक रूप से झुनझुना बजट करार दिया. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अमित शर्मा ने कहा कि यह बजट महंगाई से त्रस्त आम जनता के लिए खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगार युवाओं, किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग की जरूरतों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है. न तो महंगाई से राहत दी गई है और न ही करों में कोई ठोस छूट. महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार सृजन के लिए भी बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं है.

### मप्र के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप

शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि बजट में मध्य प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है. कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद किसानों, युवाओं और गरीब वर्ग के लिए कोई विशेष पैकेज या ठोस सहायता की घोषणा नहीं की गई. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी राज्य को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला. उन्होंने यूपीए सरकार के दौर से तुलना करते हुए कहा कि उस समय बजट में किसानों, युवाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती थी, जबकि वर्तमान सरकार के बजट सिर्फ आंकड़ों के खेल तक सीमित रह गए हैं.

# विंध्य क्षेत्र में जुटे प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व

### कांग्रेस की अहम संगठनात्मक बैठक




विशेष संवाददाता

**भोपाल/रीवा, 01 फरवरी. रीवा में सिंगरौली जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में सिंगरौली, देवसर और चितरंगी विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इसमें संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने और क्षेत्र में कांग्रेस की जमीनी उपस्थिति को और सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक के दौरान बूथ और ब्लॉक स्तर पर समन्वय बेहतर करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने तथा भविष्य की राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए जनसंपर्क बढ़ाने के विषयों पर विचार-विमर्श हुआ.

संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करने और स्थानीय मुद्दों से निरंतर जुड़ाव बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया. इस बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया', एआईसीसी के सह प्रभारी रणविजय लोचाव, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, सिंगरौली जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रवीण सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) सरस्वती सिंह मरकाम और प्रदेश कांग्रेस महासचिव कविता पांडे सहित अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. नेताओं ने एकजुटता, संगठनात्मक तैयारी और सतत जमीनी सक्रियता के माध्यम से सिंगरौली जिले में कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया.

## चंबल नहर हादसे में लापता ठेकेदार का मिला शव

**श्योपुर.** पांच दिन पहले चंबल नहर में एक बोलेरो गिर गई थी. हादसे में लापता हुए बिजली ठेकेदार रिंकू राठौर का शव आज बरामद कर लिया गया. ग्वालियर निवासी रिंकू राठौर का शव वीरपुर थाना क्षेत्र की पांचो कॉलोनी के पास चंबल नहर में उतराता हुआ मिला.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकालकर जिला अस्पताल श्योपुर भिजवाया. यह हादसा पांच दिन पहले उस समय हुआ था, जब बिजली कंपनी के सहायक अभियंता और ठेकेदार रिंकू राठौर रात के समय चंबल नहर मार्ग से विजयपुर लौट रहे थे. इसी दौरान उनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी. हादसे के बाद एई तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन रिंकू राठौर नहर में डूब गए थे.

# मध्यप्रदेश में फिर बदला मौसम का मिजाज

### 15 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

### श्योपुर-मुरैना में ओलावृष्टि की संभावना



**भोपाल,01 फरवरी. मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया है. पश्चिमी विक्षोभ और उससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने से प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और कोहरे की स्थिति बन गई है.**

खासकर प्रदेश के उत्तरी हिस्से के लगभग 15 जिलों में मौसम विभाग ने आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है. श्योपुर और मुरैना जिलों में ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है. आने वाले चार दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में मावठा गिर सकता है, जिससे ठंड और बढ़ने के आसार हैं. रविवार सुबह कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई. मौसम विभाग के अनुसार, आंधी की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं. कई संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक बना हुआ है. उत्तर पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, दक्षिण हरियाणा और उत्तर राजस्थान में बने प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण तथा ऊपरी क्षोभमंडल में चल रही तेज पछुआ हवाएं प्रदेश के मौसम को प्रभावित कर रही हैं.

> पिछले 24 घंटों में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई, जबकि शेष संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान में शहडोल संभाग के जिलों में करीब 2.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जबकि रीवा संभाग में अधिकतम तापमान 2.6 डिग्री तक बढ़ा. न्यूनतम तापमान ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभागों में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ा है, वहीं शहडोल संभाग में इसमें 4.2 डिग्री तक की विशेष वृद्धि दर्ज की गई.



**हेमंत खण्डेलवाल ने संत रविदास जी को श्रद्धांजलि दी**

**बैतूल.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर बैतूल विधानसभा के गंज मंडल के शास्त्री वार्ड में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए.

# भोपाल में रेलवे ट्रैक नवीनीकरण कार्य हुआ तेज

## इन कार्यों से ट्रैक एवं गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़

**भोपाल,01 फरवरी . पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के नवीनीकरण कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं.**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ट्रैक अनुरक्षण से जुड़े संरक्षा-आधारित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है. भोपाल मंडल में कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सीटीआर), रेल रिन्यूअल (टीआरआर), स्लीपर रिन्यूअल (टीएसआर), टर्नआउट रिन्यूअल (टीटीआर) तथा डीप स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च संरक्षा मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे हैं. इसके अतिरिक्त 55 टर्नआउट्स और 168.391 ट्रैक किलोमीटर प्लेन ट्रैक में डीप स्क्रीनिंग का कार्य भी संपन्न हुआ.



> इन अनुरक्षण कार्यों से ट्रैक की मजबूती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे यात्री एवं मालगाड़ियों का सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सका है. वर्ष 2025-26 के अप्रैल से दिसंबर 2025 तक के नौ माह की अवधि में 100.741 ट्रैक किलोमीटर में सीटीआर, 121.23 ट्रैक किलोमीटर में टीआरआर, 80.245 ट्रैक किलोमीटर में टीएसआर तथा 80.250 समतुल्य यूनिट्स में टीटीआर का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया.

# 13 साल की नाबालिग बनी मां : बच्ची को दिया जन्म

**बालाघाट, 01 फरवरी. जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही साढ़े 13 साल की बच्ची ने एक बच्ची को जन्म दिया है. घटना ने छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण में लापरवाही उजागर की है.**

महिला थाना ने कार्रवाई की और आगे की जांच के लिए गढ़ी थाना को सूचना भेजी. पुलिस ने इस मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे आज शनिवार को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा. महिला थाना प्रभारी किरण वरकड़े ने बताया कि अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के आधार पर प्रारंभिक कार्रवाई की गई है, और गढ़ी थाना पुलिस आगे की जांच करेगी.

### सहायक आयुक्त ने हॉस्टल वार्डन को सस्पेंड किया

इस मामले में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग शकुंतला डामोर ने बैहर विकासखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामऊ की अधीक्षिका चैनबती सैयाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. अधीक्षिका पर अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने का आरोप है. दरअसल, गढ़ी थाना क्षेत्र के परसामऊ आवासीय छात्रावास में रहकर नाबालिग पढ़ाई कर रही थी, तभी उसके गर्भवती होने और बच्ची को जन्म देने का मामला सामने आया. यह आवासीय छात्रावास जिला शिक्षा केंद्र के अधीन संचालित होता है.

**विरोध** | करैरा-शिवपुरी में तोड़फोड़, भाजपा का कार्यक्रम रद्द

# यूजीसी कानून के खिलाफ शिवपुरी में प्रदर्शन



**शिवपुरी,01 फरवरी. यूजीसी कानून के विरोध में रविवार को बुलाए गए भारत बंद के दौरान करैरा, शिवपुरी, पोरसा और अंबाह में व्यापक तनाव और प्रदर्शन देखे गए.**

करैरा में बंद समर्थकों ने बाजार बंद कराते समय तिल रोड की एक ऑनलाइन दुकान और कच्ची गली की गारमेंट दुकान में तोड़फोड़ की. दुकानदारों के विरोध पर प्रदर्शनकारियों ने मारपीट भी की, जिसके बाद पुलिस-प्रशासन को मोर्चा संभालना पड़ा. शिवपुरी के नरवर में भी सवर्ण समाज द्वारा बाजार बंद के दौरान हिंसा भड़क गई. दुकानदारों से नोंकझोंक जल्दी ही हाथापाई में बदल गई और दोनों ओर से लाठियां चलीं. कुछ लोगों ने पथराव भी किया, जिससे सड़क जाम हो गया और शहर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया. दूसरी ओर, करैरा और शिवपुरी में भाजपा के बजट कार्यक्रमों में भी बंद समर्थक घुस गए.

> प्रदर्शनकारियों ने मंच की कुर्सियां फेंकी और नारेबाजी की, जिससे कार्यक्रम रद्द करना पड़ा. भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत को कार्यक्रम स्थल से भागना पड़ा. शिवपुरी में माधव चौक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी आंदोलनकारियों ने मंच पर चढ़कर नारेबाजी की और एलसीडी बंद कर दी, जिसके बाद कार्यक्रम बीच में ही रोक दिया गया. पोरसा में सवर्ण समाज ने कृषि उपज मंडी से रैली निकाली और बरगद चौराहे पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया. प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी एक्ट को सामान्य वर्ग के अधिकारों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की. वहीं अंबाह में भी भारत बंद का व्यापक असर रहा, जहां मेडिकल स्टोर को छोड़कर सभी दुकानें बंद रहीं और विरोध प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया.

## आयकर सीमा की छूट को बढ़ाना चाहिये

**ग्वालियर.** प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा है कि यह बजट विकसित भारत के लिये महत्वपूर्ण बजट है और बड़े जोर-शोर से बजट की ब्रांडिंग की जा रही थी किन्तु आम आदमी को सीधा लाभ आयकर छूट से मिलता और उससे खरीद बढ़ती ताकि उद्योग और व्यापार में सीधा लाभ होता. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वदेशी' आव्हान के लिये कोई नई योजना आना चाहिये थी. जिससे स्वदेशी उत्पादों पर छूट एवं इन्सेंटिव मिलना चाहिये जो सीधे भारत के घरेलू उत्पाद को मजबूती देता और भारतीय उत्पादों के नये वैश्विक बाजार खोलने में सहायक सिद्ध होता.

# सांस्कृतिक पुनरोत्थान का है बजट : लोधी

## आध्यात्मिक व ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी



- बजट पर्यटन की दृष्टि से राज्य के लिए महत्वपूर्ण
- अनुभवात्मक पर्यटन केंद्र बनेंगे राज्य में

> राज्य मंत्री लोधी ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में सी-प्लेन कनेक्टिविटी और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना के प्रावधान मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे. उन्होंने विश्वास जताया कि मेडिकल टूरिज्म हब और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (रचनात्मक अर्थव्यवस्था) को मिलने वाला प्रोत्साहन प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर सृजित करेगा. यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प के तहत 'विकास भी, विरासत भी' के मूल मंत्र को चरितार्थ करता है.

**भोपाल,01 फरवरी. संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे 'अमृत काल' की समावेशी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है.**

राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट पर्यटन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को नई दिशा देगा. राज्य मंत्री लोधी ने बजट में 15 पुरातात्विक स्थलों को 'अनुभवात्मक पर्यटन केंद्रों' के रूप में विकसित करने और 10 हजार टूरिस्ट गाइड्स के कौशल विकास की पायलट योजना की सराहना की. उन्होंने कहा कि 'नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड' की स्थापना से प्रदेश के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी.